पत्र संख्या :....................(सा0प्रशा0)/19
दिनांक :..........................

समस्त पत्र–व्यवहार रजिस्ट्रार, लखनऊ विश्वविद्यालय, को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं।

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ।

सेवा में,

समस्त् प्राचार्य / प्रचार्या
संयुक्त / सम्बद्ध
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः– दिनांक 29.08.2019 को **"फिट इण्डिया मूवमेन्ट"** कार्यक्रम की शुरूआत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संलग्न शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा उ0प्र0 शिक्षा डिग्री अनुभाग, प्रयागराज के पत्रांक डिग्री विकास / 361–63 / 2019–20 दिनांक 27.08.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा यह अवगत कराया गया है कि शासन के पत्र संख्या–1751 / सत्तर–3–2019, दिनांक 26 अगस्त,2019 द्वारा दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 29.08.2019 को **"फिट इण्डिया मूवमेन्ट"** के शुभारम्भ में आप अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले समस्त् शासकीय / अशासकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को यह अवगत कराना सुनिश्चित करें कि दिनांक 29.08.2019 को प्रातः 10:00 बजे **"फिट इण्डिया मूवमेन्ट"** के शुभारम्भ का सजीव प्रसारण अपने महाविद्यालय में स्कीन लगाकर समस्त छात्र / छात्राओं को दिखाने की व्यवस्था सुनिश्चित करे। प्रत्येक महाविद्यालय / संस्था आयोजित होने वाले कार्यकम की वीडियो क्लिप / फोटो बनाते हुए उसकी एक प्रति शासन के ई–मेल आईडी upshec@gmail.com एवं उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0 प्रयागराज को ई–मेल आईडी info@dheup.com पर दिनांक 29.08.2019 को सांय 4:00 बजे तक प्रेषित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है।

इस संबंध में आपसे अनुरोध है कि दिनांक 29.08.2019 को प्रातः 10:00 बजे **"फिट इण्डिया मूवमेन्ट"** कार्यकम का होने वाला सजीव प्रसारण को अपने महाविद्यालय में स्कीन लगाकर समस्त छात्र–छात्राओं को दिखाने की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए कार्यकम की वीडियों क्लिप / फोटो बना कर शासन तथा विश्वविद्यालय एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ को प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नकःयथोपरि।

(एस0 के0 शुक्ल)
कुलसचिव

संख्या–GA/19976–84 दिनांक 28/08/2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. निजी सचिव कुलपति जी, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति, मा0 प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
03. शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा उ0प्र0 शिक्षा डिग्री अनुभाग, प्रयागराज।
04. अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन उच्च शिक्षा अनुभाग–3 को सूचनार्थ प्रेषित।
05. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,लखनऊ।
06. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0
07. कुलसचिव जी के वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
08. इंचार्ज वेबसाईट को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को ई–मेल के माध्यम से समस्त् प्राचार्य / प्रचार्या संयुक्त / सम्बद्ध लखनऊ विश्वविद्यालय, को प्रेषित करने का कष्ट करें।
09. उपकुलसचिव सम्बद्धता।

28.8.19.
उपकुलसचिव

तत्काल/अति आवश्यक
महत्वपूर्ण

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उ०शि०), उ०प्र०
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
प्रयागराज।

सेवा में,

(1) समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

(2) कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक डिग्री विकास/ 361-63 /2019-20 दिनांक 27.08.2019

विषय : दिनांक 29.08.2019 को "फिट इण्डिया मूवमेन्ट" कार्यक्रम की शुरूआत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूच्य है कि शासन के पत्र संख्या–1751/सत्तर–3–2019, दिनांक 25 अगस्त, 2019 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करें, जो आपको सम्बोधित है। उक्त शासन के पत्र में दिये गये निर्देशानुसार तथा दिनांक 29.08.2019 को "फिट इण्डिया मूवमेन्ट" के शुभारम्भ में आप अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले समस्त शासकीय/अशासकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को अवगत कराना सुनिश्चित करें, कि दिनांक 29.08.2019 को प्रातः 10.00 बजे सजीव प्रसारण को अपने महाविद्यालय में स्क्रीन लगाकर समस्त छात्र/छात्राओं को दिखाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। प्रत्येक महाविद्यालय/संस्था आयोजित होने वाले कार्यक्रम की वीडियो क्लिप/फोटो बना ले। उसकी एक प्रति शासन के ई–मेल आईडी upshec@gmail.com एवं उच्च शिक्षा निदेशालय, उ०प्र०, प्रयागराज के ई–मेल आईडी info@dheup.com पर दिनांक 29.08.2019 को सायं 4.00 बजे तक प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

अतः आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्यक्रम में आप व्यक्तिगत ध्यान देकर शासनादेश दिनांक 26.08.2019 के क्रम में उपरोक्तानुसार कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक– उक्तवत्।

डा० वन्दना शर्मा
शिक्षा निदेशक(उच्च शिक्षा)
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या डिग्री विकास/ 361-63 /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि समस्त शासकीय/अशासकीय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

urgent
DR-GIA
Pl discuss also
27/8/19 27/8/19

डा० (बी०एल० शर्मा)
सहायक निदेशक(उच्च शिक्षा)
कृते शिक्षा निदेशक,उ०शि०,उ०प्र०,
प्रयागराज।